भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 226

(जिसका उत्तर मंगलवार, 19 जुलाई, 2022/28 आषाढ़, 1944 (शक), को दिया जाना है)

अनियंत्रित महंगाई

226. **श्री. मल्लिकार्जुन खड़गे**:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अप्रैल, 2022 में देश में महंगाई आठ वर्षों में अधिकतम स्तर पर है;

(ख) क्या खुदरा महंगाई दर पिछले आठ महीनों से लगातार बढ़ रही है और थोक महंगाई दर मई, 2021 से दो अंकों में ही बनी हुई है;

(ग) यदि हां, तो सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में असफल क्यों रही है;

(घ) क्या यह सच है कि सरकार ने वर्ष 2018 में मुद्रास्फीति दर की गणना करने संबंधी मापदंडों में बदलाव कर दिये थे; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-संयुक्त (सीपीआई-सी) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दर अप्रैल 2022 में 7.79 प्रतिशत थी जो पिछले 8 वर्षों में सबसे अधिक थी। पिछले 8 महीनों में सीपीआई-सी पर आधारित मुद्रास्फीति दर **अनुबंध 1** में दी गई है और मई 2021 से थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित थोक मुद्रास्फीति दर **अनुबंध 2** में दी गई है।

(ग): सरकार द्वारा प्रमुख आवश्यक वस्तुओं की कीमतों की स्थिति की नियमित रूप से निगरानी की जाती है और समय-समय पर सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है। वस्तओं की बढ़ती कीमतों और महामारी से प्रेरित आपूर्ति-मांग असंतुलन के कारण भारत सहित दुनिया भर में मुद्रास्फीति दर में वृद्धि हुई। रूस-यूक्रेन युद्ध ने कच्चे तेल, गैस और धातुओं में मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ा दिया है।

मुद्रास्फीति को कम करने के लिए सरकार द्वारा कई आपूर्ति उपाय किए गए हैं। इनमें दिनांक 21, मई, 2022 को पैट्रोल पर प्रति लीटर 8 रुपये और डीजल प्रति लीटर 6 रुपये के उत्पाद शुल्क पर कमी करना, दालों पर आयात शुल्क और उपकर में कमी, टैरिफ का युक्तिकरण और खाद्य तेलों और तिलहनों पर स्टॉक सीमा लागू करना, प्याज और दालों के लिए बफर स्टॉक का रखरखाव, सोया मील को 30 जून, 2022 तक आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की अनुसूची में आवश्यक वस्तु के रूप में शामिल करना और सोया मील पर 30 जून, 2022 तक स्टॉक की सीमा लागू करना शामिल है।

(घ): जी, नहीं।

(ङ): प्रश्न नहीं उठता।

अनुबंध- 1

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पूछे गए दिनांक 19 जुलाई, 2022 को उत्तरार्थ राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 226 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

पिछले 8 माह से सीपीआई-सी पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति (प्रतिशत)

माह	सीपीआई-सी मुद्रास्फीति (प्रतिशत)
नवम्बर-21	4.91
दिसम्बर-21	5.66
जनवरी-2022	6.01
फरवरी-22	6.07
मार्च-22	6.95
अप्रैल-22	7.79
मई-22	7.04
जून-22*	7.01

*स्रोत: सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, *-अनंतिम*

अनुबंध 2

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पूछे गए दिनांक 19 जुलाई, 2022 को उत्तरार्थ राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 226 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

मई 2021 से थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित थोक मूल्य मुद्रास्फीति (प्रतिशत)

माह	सीपीआई-सी मुद्रास्फीति (प्रतिशत)
मई-21	13.11
जून-21	12.07
जुलाई-21	11.57
अगस्त-21	11.64
सितम्बर-21	11.80
अक्तूबर-21	13.83
नवम्बर-21	14.87
दिसम्बर-21	14.27
जनवरी-2022	13.68
फरवरी-22	13.43
मार्च-22	14.63
अप्रैल-22	15.08
मई-22*	15.88
जून-22*	15.18

स्रोत: आर्थिक सलाहकार कार्यालय, डीपीआईआईटी,

*नोट: *मई और जून 2022 के आंकड़े अनंतिम हैं*

*****